<u>समाचार</u>

24 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 23 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 24 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च गुरूवार को वार्ड क्र. 09 ढेलवाडीह सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार रेलवे कालोनी सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 24 एम.पी.नगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 34 बेलगिरी बस्ती अमर सिंह होटल के पीछे स्टेज मंच, वार्ड क्र. 42 रूमगरा स्कूल के सामने स्टेज, वार्ड क्र. 51 श्यामनगर सामुदायिक मंच के पास, वार्ड क्र. 62 नरईबोध आंगनबाड़ी केन्द्र 01 के पास, वार्ड क्र. 63 बांकीमोंगरा भीमसेनिहा मंदिर जयस्तंभ चौक के पास कैम्प लगाए जाएंगे।